<table>
<tr><td>तारीख हुक्म</td><td>हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज<br><br>गोविन्द सुथार<br><br>बनाम<br><br>लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी लूणी)<br><br>सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353118937324195</td><td>[illegible]</td></tr>
<tr><td>09 / 06 / 26</td><td>अपीलार्थी गोविन्द सुथार निवासी 202, धुन्धाडा, राजपूतो का बास, लूणी, जोधपुर ने लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी लूणी) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 22.04.2026 ग्राम पंचायत धुंधाडा, तहसील लूणी, जोधपुर स्थित खसरा संख्या 688, 689, 690 एवं 690 / 1, 690 / 2, 690 / 3, 690 / 4, 690 / 5 पर यदि किसी भी प्रकार के पटटे जारी किए गए हो, तो उनके आदेश, आंवटन पत्र एवं संबंधित रिकॉर्ड की प्रमाणित प्रतियां उपलब्ध करवाने व अन्य 18 बिन्दूओं की विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।<br><br>अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी लूणी) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।<br><br>हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी लूणी) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त 249 दिनांक 25.05.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना के संबंध में कार्यालय के पत्र 218 दिनांक 25.05.2026 द्वारा सूचना नहीं उपलब्ध करवाये जाने के कारण के संबंध में अपीलार्थी को सूचित किया जा चुका है।<br><br>अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।<br><br>(आलोक रंजन)<br>जिला कलक्टर, जोधपुर</td><td></td></tr>
</table>

RajKaj Ref No.:
22737989
M e-Sign

Signature valid

Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector and District Magistrate
Date: 2026.06.09 12:23:37 IST
Reason: Approved